Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 02-01-2022 | अंक 101

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## जनता को बेवकूफ बना रही है राज्य सरकार : नागेश्वर रजक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



**नागेश्वर रजक**

झारखंड सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर सरकार मस्त, और युवा त्रस्त है। उक्त बातें बरही भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने कहा कि झारखंड में एक तरफ जहाँ हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार अपने दो वर्ष पूरे होने का जश्न मना रही है। वहीं राज्य की जनता ने कुशासन, भ्रषटाचार, एवं धोखेबाज सरकार को देखा है। वही दूसरी और राज्य ने ऐसे विश्वासघाती मुख्यमंत्री को देखा है। जिसने युवाओं, किसानों एवं महिलाओं के हितों पर प्रहार किया है। साथ ही उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा छल कपट युवाओं के साथ किया है। प्रतिवर्ष 5 लाख लोगों को रोजगार देने तथा राज्य के बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का आश्वासन दिया था। झारखंड में नई फैक्टरियां लाने और रोजगार दिलाने की बात कही थी। जिससे राज्य के लोगो को रोजगार के लिए दूसरे राज्य पलायन न करना पड़े। लेकिन राज्य में रोजगार का अभाव होने के कारण आज भी लोग दूसरे राज्य में पलायन करने को मजबूर है। जिससे जनता राज्य सरकार के खिलाफ काफी आक्रोशित है। रोजगार मांगने पर अंडा और मुर्गी बेचने को बोलती है। जबसे हेमंत सरकार आई है। बिजली हमेशा गुल रहती है। जबकि चुनाव के समय उन्होंने 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने की बात कही थी। अगर हक की बात करे तो युवा छात्र छात्राओं पर लाठी बरसाया जाता है।

## मदरसा आलिया मुरादिया मलकोको में इनामी मुकाबला का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



**कार्यक्रम में शामिल लोग**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचालित मदरसा आलिया मुरादिया में इनामी मुक. ाबला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घटान जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, उप मुखिया कुर्बान मियां, पंचायत समिति सदस्य सुलेमान अंसारी, मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना गुलाम हैदर रिजवी ने किया। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुरुआत में हाफिज अल्लाउद्दीन के तिलावते कुरान से हुआ। कार्यक्रम के निकाबत लड़के तरफ से मेहताब अंसारी और लड़कियों तरफ से सालेहा नाज एवं मुस्कान प्रवीण ने किया। ततपश्चात मदरसा के तालीम ए इल्म बच्चों द्वारा खूबसूरत तिलावते कुरान, नाथ शरीफ,तकरीर, दुआ, नमाज पढ़ने की तरीका को बताया गया। बच्चियों द्वारा औरतों को सही तरिके से जीवन बसर करने की बात कही गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अब्दुल कय्यूम ने बताया कि मदरसा के बच्चों को उर्दु तालीम के साथ दुनियावी तालीम सिखना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने यह बताया कि मदरसों में भी बच्चों को आधुनिक प्रतिस्पर्धाओं से अवगत कराना चाहिये। शिक्षा को पाना सभी देशवासियों का अपना अधिकार है। और इस अधिकार को सभी को मिलना ही हमारा समाज का असल मकसद है। वहीं मौजूद मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना गुलाम हैदर ने बच्चों को हमेशा सच्चे रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इस मदरसे से भी कई बच्चें बाहर उच्च शिक्षा के लिए गये हैं और अपना और अपने गांव का नाम रौशन कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों बच्चे भी झारखण्ड अकैडमिक क०उन्सिल द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षा में भाग लेते हैं। घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि इस साल से बच्चों को उर्दू तालीम के साथ–साथ सभी प्रकार के विषयों की भी जानकारी और तालीम दी जाएगी। कार्यक्रम में बेहतर करने वाले बच्चों को मुख्य रूप से भावी मुखिया प्रत्याशी अब्दुल अंसारी एवं मुस्ताक अंसारी सही नौजवान कमीटी से अफजल अंसारी, अब्दुल माजिद, मुस्ताक अंसारी, अख्तर अली के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया वहीं कार्यक्रम में उपस्थित सदर असिमद मियां, हाजी जैनुल्लाब्दीन, हाफिज मे. हबूब आलम, भावी मुखिया प्रत्याशी अब्दुल अंसारी, मौलाना खुर्सीद, मौलाना सरफराज, मुस्ताक अंसारी, हिदायत अली, अनवर अंसारी, मेराजुद्दीन, ड०[illegible] सद्दाम हुसैन, एम्बिशन अकादमी के संचालक अजहरुद्दीन, शोएब अख्तर, मेराज अहमद, सैफ अली, अब्दुल कलाम, फिरोज निजामी और सभी अभिभावक के सहयोग से कार्यक्रम सफल संम्पन्न हुआ।

## कांग्रेस नेता मनोज यादव के दादा दिवंगत चोली यादव के तेरहवीं में शामिल हुए विधायक उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



**कार्यक्रम में शामिल लोग**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बेलादोहर गांव के कांग्रेस नेता मनोज यादव के दादा वरिष्ठ समाजसेवी दिवंगत 101 वर्षीय चोली यादव के तेरहवीं में निवेदन समिति के सभापति सह विधायक बरही विधानसभा उमाशंकर अकेला यादव शामिल हुए। बताते चलें कि दिवंगत समाजसेवी चोली यादव का बीते 21 दिसंबर 2021 को अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया था। वे सामाजिक कार्यो में बढ चढ कर भाग लिया करते थे, आसपास के क्षेत्र में वे काफी लोकप्रिय थे। दिवंगत अपने पीछे तीन पुत्र चार पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छो[illegible] गए हैं। मौके पर विधायक के साथ विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, उपप्रमुख सिकंदर राणा, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग मोहम्मद रुस्तम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता महादेव यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष यमुना यादव, मलकोको पंचायत क०ग्रेस अध्यक्ष प्रकाश यादव, वीरेंद्र यादव, प्रिंस कुमार, अशोक शर्मा, नरेश यादव, दिनेश यादव, संजय यादव, राजदेव यादव, रामजी यादव, लालजी यादव, मंजीत यादव, रंजीत यादव, शिवजी यादव, वीरू यादव, अशोक यादव, वासुदेव यादव, अनुज यादव समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवियों ने नए वर्ष में मिठाइयां बांटकर मनाया जश्न, कम्बल और अलाव व्यवस्था पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




**मिठाई खिलाते जीप प्रतिनिधि मो क्यूम**

बरही प्रखंड के विजैया चौक पर नया वर्ष के शुरुआत बरही पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, मुखिया दसरथ यादव एवं गणमान्य लोगों ने भगवान को प्रसाद च[illegible]कर मिठाई से एक दूसरे को नया साल का बधाई दिया एवं मिठाइयां खिलाई। तत्पश्यात जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम ने कहा कि नया वर्ष मे नया उमांग, नया जोश के साथ हम सभी को जिंदगी बनाने में मेहनत करने कि आवश्यकता है। ठंड को देखते हुए विजैया पंचायत के मुखिया दसरथ यादव एवं वार्ड सदस्य के साथ चर्चा भी किए कि अलाव का व्यवस्था कहां–कहां होनी चाहिए। साथ ही साथ गरीब , वृद्ध को अभी तक कम्बल नहीं मिल पाया है तो जानकारी होनी चाहिए उन्हें उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने सभी से नया वर्ष हशी खुशी से शराब को त्याग कर मनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम, मुखिया दसरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, समाजसेवी सुरेश कुशवाहा, चंद्रिका प्रसाद, संजय यादव, सुनील कुमार यादव, उमेश दास, मो सलामत , अकुब अंसारी, संजय दास, सीता राम यादव, सुनील प्रसाद, छत्रु यादव, भोला यादव, विजय यादव, बिन्देसरी यादव, अनिल राम आदि उपस्थित रहे।

## सूचना




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग एस पी मनोज रतन चौथे ने सभी को सूचित किया है। कि इस तरह के पोस्टर झारखण्ड के कई स्थानों पर चिपकाया गया है। यह साइबर फ्र०ड करने वालो की आम जनों की ठगने की एक नई तरकीब है। इस तरह के पोस्टर के झांसे में आकर किसी भी व्यक्ति को पैसा भेजने से बचें। इन ठगों को चिन्हित कर उन्हें गिरफ्तार हेतु प्रयास किया जा रहा है। इस बात की जानकारी बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने दी है।




APEM LIVE

# सिंघरावां में मृत्यु भोज सामाजिक पहल से हुआ बंद

**अपेम लाइवः चौपारण**

दिन रविवार को चौपारण प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघरावां में साहू समाज के दो चटईया (श्री ब्रम्हदेव साव वगैरह एवं श्री केदार साव वगैरह) का एक बैठक में चटईया के अगुवा एवं उनके सहयोगियों द्वारा एक अच्छी पहल की गई। जिसे उप. स्थित सभी लोगों के सव. 'सम्मति से स्वीकार किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री लखन साव ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि श्राद्धकर्म में सम्मिलित 12वां के कार्यक्रम में ब्रह्मानभोज यथावत रहेगा परंतु सार्वजनिक भोज को पूरी तरह बंद कर दिया गया है। ज्ञात हो कि दसवां का भोज सिंघरावां में काफी पहले ही बंद किया जा चुका है। तेरहवां के दिन सामर्थ्य के अनुसार चटईया एवं अन्य सम्मानित ग्रामीणों का भोजन कराने की बात कही गई। इसमें किसी तरह की बाध्यता नहीं रखी गई है। इसके अलावे अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसे अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक साहू समाज के श्री बद्री साव, निर्मल साव, दामोदर साव, संजय साव, लालेश कुमार साहू, मनोज साव, लक्ष्मण साव, चतुर्भुज साव, गोवर्धन साव, रामलखन साव, शम्भू साव, मुकेश कुमार, राजेन्द्र साव, बा. सुदेव साव, अर्जुन साव, कुंदन कुमार, नरेश कुमार, शंकर साव, नारायण साव, कुलदीप साव, आदित्य साव, जुगल, साव, कृष्णा साव, दीपू कुमार, छोटन साव, रमेश कुमार सहित कई सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने बिरहोर परिवारों के साथ मनाया नए साल का जश्न

**अपेम लाइवः चौपारण**



जब पूरे देश के लोग नए साल 2022 के स्वागत के लिए नए लिबास और नए अन्दाज मे स्वागत करने के लिए हजारो रूपए खर्च कर जश्न मे डूबे हुए थे तभी समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने झोपड़ पट्टी मे रहने वाले बिरहोर गरीबो के साथ पिकनिक किया तथा नए साल की शुभकामनाएं दी। चौपारण प्रखंड के चौरदाहा पंचायत अंतर्गत जमुनियातरी में बिरहोर ( आदिम जनजाति ) परिवार के बीच नये वर्ष का पिकनिक मनाया गया। परिवार के लोगो ने भी बिरहोर बच्चों के साथ के साथ मस्ती किया तथा साल की खुशिया मनाई। वैसे तो बिरहोर और गरीबो की मदद के लिए देश मे तमाम संस्थाए है जो गरीबो के लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित करती रहती है लेकिन समाजसेवी भुनेश्वर यादव ने गरीबो की मदद तथा खुशियां बाटने का समय और तरीका अपनाया वो नायाब था। उन्होंने बताया कि मेरा उददेश्य है कि ज्यादा से ज्यादा गरीबो की मदद हो तथा खुशियों का गरीबों में संचार हो। उन्होंने बताया कि साथ खुशियों को बांटने से मेरी झोली गरीब बिरहोर परिवारों की दुआओ से भर गई। उनके साथ छोटे भाई सुनिल कुमार यादव, पुत्र शशिकांत शशी, गोविंदपुर पंचायत के मुखिया दिनेश यादव, समाजसेवी संजय कुमार गुप्ता एवं जमुनियातरी के शिक्षक जग्गु कुमार यादव, तौसीफ अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ की महिला भटककर पहुंची बरसोत, समाजसेवी अजय राम ने थाना को सौपा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




छत्तीसगढ़ की एक महिला 30 दिसम्बर को भटकती हुई बरसोत पंचायत के श्रीनगर पहुंच गई। वह विश्वकर्मा पूजा स्टेज के पास ठंड से ठिठुर रही थी। इसकी सूचना अखिल भारतीय भुइयाँ समाज के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार उर्फ छोटी राम को मिली। उन्होंने इंसानियत का परिचय देते हुए तुरंत महिला को लेकर अपने घर ले गए। उनकी स्थिति ठीक नही थी। लेकिन उन्होंने उस महिला की सेवा की , इलाज कराया। उसके बाद रविवार को उस महिला को महिला थाना को सौप दिया गया। छोटी राम ने बताया कि महिला अपना नाम गिरजा वासनिक पति भीमा वनजोरा बता रही है। वहीं अपना पता ग्राम भिलाई सुपोला बाजार के सामने जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ बता रही है। बताया जाता है कि वह देवघर आई थी। इसी बीच वह भटक गई। फिलहाल उन्हें महिला थाना में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस महिला के परिजन से संपर्क कर रही है।

# बडकागांव में कोविड टेस्ट में 3 पॉजिटिव पाए गए स्वास्थ विभाग लोगों को किया सचेत

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बडकागांव स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले तीन से चार दिनों की जांच में तीन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं । जिसमें मुख्य रुप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। लोकनाथ महतो अपने स्वास्थ्य जांच के लिए रांची हॉस्पिटल गए थे कोरोना टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए बताया जाता है कि जयंत सिन्हा के बडकागांव आगमन के दौरान लोकनाथ का जयंत सिन्हा से संपर्क हुआ था। रविवार को बडकागांव स्वास्थ विभाग की ओर से 25 लोगों का कोरोना टेस्ट सैंपल लिया गया जिसमें हरली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 12 लोगों की टेस्ट में एक पॉजिटिव पाया गया वहीं एक अन्य गांव में पॉजिटिव पाया गया है। कोविड-19 के बढते प्रभाव को देखते हुए प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी बीएन प्रसाद ने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि लोग कोविड-19 के नियमों का पालन करें मास्क लगाएं और भीड भाड एरिया में नहीं जाए हमेशा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।

APEM
LIVE

# समाजसेवी संजय यादव ने सिंहपुर में किया क्रिकेट किट का वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



क्रिकेट किट वितरण करते समाजसेवी संजय यादव

शुक्रवार को दुलमहा पंचायत के सिंहपुर गावं में समाजसेवी संजय यादव अपनी पत्नी भावी जिला परिषद प्रत्याशी रेखा देवी के जन्म दिन पर खेल सामग्री का वितरण किया। जिसमें क्रिकेट किट समेत क्रिकेट जर्सी वितरण किया गया। इस दौरान नारायन यादव, संजय यादव , रामदेव यादव, अशोक रविदास , वासुदेव यादव मौजूद रहे। खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम के संयोजक संजय यादव ने बताया कि मैं स्वयं एक खिलाडी रहा हूं। श्री यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों का बढ़ावा देना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई खेल प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। आए गए जनप्रतिनिधियों कभी इन विषयों पर ध्यान नहीं दिया। मैं इन प्रतिभाओं को निखारना चाहते हैं। सिर्फ चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं होने से प्रत्याशी सो ही गए हैं, जबकि जिन्हे समाज और क्षेत्र की चिंता और वे आज भी कायम हैं। मौके पर खिलाडी प्रिंस कुमार, अजीत कुमार, गणेश यादव, सतीश यादव, संतोष यादव, संजय यादव, मनोज यादव, उपेंद्र यादव, बबलु कुमार, पिंटू कुमार, रंजीत कुमार, टिंकू कुमार, मनीष यादव, विजय यादव, सचिन यादव, श्रवण यादव, नीरज कुमार, मंजीत कुमार एवं अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# विधायक अकेला के दिशा निर्देश पर मोटर गैराज में काम करने वालों को मिला कंबल

## ठंड के बढते हुए प्रकोप को देखते हुए कंबल वितरण का जारी रहेगा अभियान : विनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कंबल वितरण करते विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव

बरही गया रोड स्थित खान मोटर गैराज के समीप मोटर गैराज में काम करने वालों श्रमिकों के बीच ठंड के बढते हुए प्रकोप को देखते हुए निवेदन समिति के सभापति सह विधायक बरही विधानसभा उमाशंकर अकेला यादव के दिशा निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि बरही विधानसभा विनोद कुमार यादव ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार यादव ने कहा ठंड के बढते हुए प्रकोप को देखते हुए पूरे बरही विधानसभा में हर गरीब असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण का अभियान जारी रहेगा। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता महादेव यादव, खान मिस्त्री, मोहम्मद कमरुद्दीन इसके साथ ही अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# बुद्धू महतो मेमोरियल कमेटी का गठन प्रवीण अध्यक्ष एवं भोला सचिव चुने गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बडकागांव पश्चिमी पंचायत हरदरा बागी स्थित डॉक्टर बालेश्वर महतो के कैंपस में बुद्धू महतो मेमोरियल कमेटी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्षता प्रवीण कुमार एवं संचालन भोला महतो ने किया। बैठक में लेखा-जोखा समाप्ति पश्चात सर्वसम्मति से प्रवीण कुमार को अध्यक्ष एवं भोला महतो को सचिव बनाया गया ।वही महेश महतो कोषाध्यक्ष ,ड०क्टर बालेश्वर महतो संयोजक, सहसंयोजक गोकुल महतो , शिक्षा प्रभारी राजेंद्र कुमार, लेखापाल देवेंद्र कुमार को चुना गया वहीं सदस्य के रूप में सुरेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार ,विकास कुमार, वकील महतो, सरजू महतो, कुंदन कुमार, जीतू महतो, प्रमिला देवी, सावित्री देवी, परमेश्वर कुमार ,मीना महतो ,चुरामन कुमार के अलावा अन्य लोगों को सदस्य बनाया गया। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों को बाहर करने एवं बच्चों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया ।मौके पर संयोजक ड०क्टर बालेश्वर महतो ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को पढा लिखा कर उनके अपने पैरों पर खडा करने का प्रयास करें। तभी हमारे परिवार और समाज का विकास संभव है।

# प्रशासन द्वारा निरंतर अलाव व्यवस्था की जा रही है

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




इन दिनों प्रखंड में कडाके की ठंड पड रही है न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस देखी जा रही है। बडकागांव चौक चौराहे में आवागमन कर रहे राहगीरों एवं बडकागांव हॉस्पिटल में मरीजों को ठंड से बचाने के लिए अंचला अधिकारी प्रभात भूषण सिंह के निर्देश पर निरंतर अलाव की व्यवस्था की जा रही है। उक्त कार्य में सराहनीय भूमिका निभाने वाले अंचल के सहायक कर्मी परमेश्वर महतो ने बताया कि बडकागांव मुख्य चौक नवीन ठाकुर के दुकान के पास, बडकागांवदैनिक बाजार एवं बडकागांव हॉस्पिटल में अलाव की व्यवस्था निरंतर की जा रही है । प्रभात भूषण सिंह ने बताया कि जब तक ठंड रहेगी तब तक लोगों को ठंड से बचाने के लिए अलाव की व्यवस्था निरंतर जारी रहेगी।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित, योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## कई पिकनिक स्पॉट में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते नजर आए सैलानी

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



नव वर्ष 2022 के आगमन को लेकर शुक्रवार को घडी की सुई रात 12 बजते ही लोगों ने जमकर आतिशबाजी कर जमकर लोगों ने जश्न मनाया । वहीं कई लोगों ने मोबाइल पर नववर्ष की मैसेज के माध्यम से एक दूसरे एवं रिश्तेदारों को शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह होते ही लोग नववर्ष की तैयारी में जुट गए। कई लोगों ने मंदिरों में पूजा पाठ कर माता–पिता एवं अपने बडों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेकर नव वर्ष का शुभारंभ किया। कई लोगों ने अपने परिवार के साथ अपने अपने निकटतम पिकनिक स्पॉट पर जाकर जमकर पिकनिक मनाई एवं स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। वहीं कई पिकनिक स्पॉट पर डीजे साउंड के साथ लोग नव वर्ष पर थिरकते नजर आए। बडकागांव प्रखंड के चर्चित पिकनिक स्प०ट में मुख्य रूप से महुदी पहाड, डूमारो नदी, बरसो पानी, अंबा झरना ,गट्टी कोचा, पकवा नाला, टिपटिपवा, जोभीया नाला के अलावा दर्जनों पिकनिक स्प०ट पर सैलानियों की काफी भीड़ देखी गई। शांति व्यवस्था को लेकर बडकागांव पुलिस प्रशासन की ओर से चौक चौराहे पर पुलिस गस्ती करती नजर आई । ताकि लोग आपस में तू तू मैं मैं लडाई झगडा मारपीट ना करें। हालांकि कई जगह शराब के नशे में लोग हल्के फुल्के एक दूसरे से उलझते नजर आए। मिलाजुला कर प्रखंड में नव वर्ष शांतिपूर्वक संपन्न हो गया।

## वर्ष 2021 में नक्सलियों के खिलाफ सख्त रही चतरा पुलिस, 63 नक्सली हुए गिरफ्तार, चार ने किया आत्मसमर्पण

### नक्सली वारदातों पर लगा अंकुश, 163 अफीम तस्कर हुए गिरफ्तार, पुरे वर्ष चलता रहा अफीम तस्करों और पुलिस के बीच लुका–छिपी का खेल

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




चतरा बीते वर्ष 2021 यादों के पन्ने में कई खट्टी मीठी यादों को छोड़ गया।वही अब आने वाले वर्षो में इसकी स्मृति शेष रह गई है। बीता वर्ष किसी के लिए खुशियों भरा रहा तो किसी के लिए गमो की परछाई छोड़ गया। कुछ इसी तरह वर्ष 2021 तक चतरा पुलिस के लिए सफलताओं से लबरेज भरा रहा। कई मौके पर पुलिस ने आशातीत सफलता अर्जित की तो कई मामलों में पुलिस महकमा हलकान भी रहा। वर्ष 2021 में चतरा पुलिस नक्सली, चोर उचक्के और बदमाशों के खिलाफ कडी कार्रवाई की। नक्सलियों के खिलाफ आशातीत सफलता अर्जित की तो वहीं अफीम तस्कर पूरे वर्ष पुलिस के लिए सरदर्द बने रहे। पूरे वर्ष जिले में अफीम तस्करी का कारोबार चरम पर रहा। हालांकि इन सब के बीच पुलिस अफीम तस्करों के विरुद्ध कई बडी कार्रवाई ही नही की, बल्कि 150 से ऊपर अफीम तस्कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिए गए। पोस्ता की खेती व अफीम का कारोबार पूर्ण रुप से बंद कराने को लेकर चतरा पुलिस सालों भर अभियान चलाती रही। छिटपुट घटनाओं को छोड दी जाए तो चतरा पुलिस ने वर्ष 2021 में पूरे वर्ष बडी वारदातों पर ब्रेक लगाने में सफलता पाई है। वर्ष 2021 में चतरा पुलिस नक्सलियों के खिलाफ सख्त दिखी। इन सारी उपलब्धियों के नायक बने है पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, एसडीपीओ अविनाश कुमार, डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी और टंडवा एसडीपीओ शंभु कुमार सिंह। प्रस्तुत है चतरा जिला अंतर्गत विभिन्न थानों में जनवरी से दिसंबर 2021 तक संबंधित प्रतिवेदित दर्ज कांडों में गिरफ्तार एवं बरामदगी से संबंधित रिपोर्ट।

**मादक पदार्थ**
कुल कांड 151, गिरफ्तारी 254, बरामदगी सामान डोडा 21.312 किग्रा, ब्राउन शुगर 06 किग्रा, अफीम 349 किग्रा, गांजा 10 किग्रा, कत्था 40 किग्रा, पोस्ता दाना 436 किग्रा, अफीम पौधा 40 अदद, मोबाईल 72, दो पहिया वाहन 48, चार पहिया वाहन 18, ट्रक–मिनी ट्रक व ट्रैक्टर 10, जेसीबी 01, नगद 22 लाख 60 हजार 200, चेक – 05

**अवैध शराब**
कुल कांड 44, गिरफ्तारी 47, बरामद समान में विदेशी शराब 10558 बोतल देशी शराब 15367 लीटर

**शस्त्र अधिनियम**
कुल कांड 19, गिरफ्तारी 52, उपलब्धि देशी पिस्टल 12, देशीकट्टा 05, रिवाल्वर 01, मैगजीन 08, गोली 100 इसके अलावे विविध मामलों में कुल कांड 1540, गिरफ्तारी 1219


**वर्ष 2021 में बरामदगीध गिरफ्तार नक्सलियों की विवरणी**
नक्सली संगठन टीएसपीसी 44, भाकपा माओवादी 03, अन्य 16 कुल गिरफ्तारी 63, टीएसपीसी नक्सलियो का आत्मसमर्पण 04, टीएसपीसी नक्सली का कैंप ध्वस्त 01, टीएसपीसी नक्सलियो के साथ मुठभेड़ 03, हथियार बरामद 37, गोली 3918 राउंड

**नक्सलियो से बरामद गोला बारूद**
आईईडी सीरीज लैंडमाइंस पांच–पांच किलो का 04, आईईडी डब्बा बम 02, पाइप बम 01, क०र्टेक्स, केन बम पांच–पांच किलो का 04, केन बम 15 किलो का 01, आईईडी बम किलो का 01, गन पाउडर 01 किलो, तार 30 मीटर, आयरन र०ड 04 किलो, मैगजीन 15, व०की–ट०की 15, खोखा 27, देशी पिस्टल बैरल 01, लैपट०प 01, मोबाईल 28, मोटरसाईकिल 06 और नगद 01 लाख 70 हजार 150 रुपया बरामद किया गया।

## नए वर्ष के जश्न मनाने को लेकर उमड़ी तमासिन और हरियोखार में भीड़

### गम में तब्दील हुवा नया साल की खुशी, सेल्फी का शौक शुभम को पडा भारी, गंवाया जान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**






कान्हाचट्टी के तमासिन व हरियोखाद दोनो जलप्रपात अपनी सुंदरता के लिए जाना जाता है,जहां पहाड़ी से गिरता हुआ पानी और आस–पास प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करता है,ऐसे में दिसम्बर से लेकर जनवरी माह में कई पर्यटक यहां प्रकृति की गोद में आनंद लेने आते है। एक जनवरी को दोनो झरनों में नए वर्ष की जश्न को मनाने को लेकर भीड़ उमड़ पड़ी।इसी दौरान शनिवार को आये पर्यटकों में से एक पर्यटक सेल्फी लेने के दौरान तमासीन फ०ल में गिर गया।ऊपर से गिरती पानी और बहते तेज बहाव में वह बह गया। बहने के बाद उसके साथ आए अन्य दोस्त व तमासीन के स्थानीय ग्रामीण उसे डूबने से बचाने के प्रयास किए लेकिन पानी के तेज बहाव व गहराई में युवक के ब०डी कही पता नही चल रही है। काफी तलास करने के बाद भी जब कही युवक के ब०डी की पता नही चला तो स्थानीय प्रशासन ने गोताखोर के टीमों को बुलाए गोताखोर के टीम के साथ स्थानीय ग्रामीण उसे निकालने का प्रयास कर रहे है लेकिन अब तक कुछ भी पता नही चल पाई है।

**सिमरिया प्रखंड से अपने परिवार व दोस्तो संग आया था शुभम**
बता दें कि डूबने वाला युवक का नाम शुभम कुमार है जो अपने साथियों व परिवार के साथ नया साल के खुशी मनाने के लिए सिमरिया प्रखंड से आया हुवा था। लेकिन पल भर में एक गलती उसका व उसके परिवार वालो की खुशी को गम में तब्दील कर दिया।

**पैर फिसलने के दौरान हुआ हादसा**
मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मी दाह के ऊपर सेल्फी लेने के क्रम में शुभम कुमार का पैर फिसल गया।और युवक पानी का तेज बहाव में बह गया और देखते ही देखते डूब गया।उनके साथ आये साथियों ने हल्ला मचाना शुरू किया और आवाज सुनकर स्थानीय लोग वहा पहुंचकर शुभम को बचाने के प्रयास किए।लेकिन असफल रहे और शुभम की ब०डी कही पता ही नही चला है।स्थानीय प्रशासन ने गोताखोर के टीमों को बुलवाकर ब०डी निकलवाने की प्रयास कर रही है।

**खतरे वाली जगह में लगा हुआ दर्शाया गया है साइनबोर्ड**
वहीं वहा के स्थानीय लोगो ने बताया कि खतरे वाली जगहों व पत्थर पर खतरे का निशान लिखा हुआ है।साथ ही प्रतिदिन पर्यटकों को खतरे की जगहों पर नहीं जाने की जानकारी दी जाती है।समाचार लिखे जाने तक युवक की ब०डी नही निकल पाई थी उसका परिवार व राजपुर पुलिस ब०डी निकलवाने की प्रयास कर रहे थे।

## चौय विश्वकर्मा समाज का वनभोज सह मिलन समारोह, चौम्पियन नीतीश को किया सम्मानित

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पाण्डेयबारा, आरापागर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चौय विश्वकर्मा समाज का पिक. निक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चौपारण, बरही, इटखोरी, मयूरहंड़, पदमा आदि प्रखंडों से विश्वकर्मा समाज के लोग एकत्रित होकर वनभोज का आंनद उठाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव डोमन राणा ने कहा कि नए वर्ष में समाज को नए सं. कल्पों के साथ आगे बढ़ाना है। डोमन राणा ने नीतीश का उदाहरण देते हुए समाज के युवाओ से पढ़ाई के साथ खेल कूद में बेहतर करने की सलाह दिया। अध्यक्ष मिथलेश्वर राणा ने कहा कि समाज को एकजुट होकर संगठित होने की जरूरत है। कहा समाज मे छिपी किरूतियो को दूर कर समाज को आगे बढ़ाना है। इस दौरान बनाऊ निवासी राजू राणा के पुत्र नीतीश राणा को समाज कि ओर से समान्नित करते हुए आर्थिक सहयोग दिया गया। मालूम हो कि नितिन राणा ने गोवा में आयोजित एशियन पावर लिफ्टिंग चौम्पियनशीप में तीन सिल्वर पदक जीत चौपारण सहित पूरे राज्य का नाम रौशन किया। नितिन राणा ने समाज सहित पूरे चौपारण वासियो को उत. साहवर्धन के लिए आभार प्रकट किया। मौके पर चौय विश्वकर्मा समाज के कोषाध्यक्ष भीखन राणा, समाज के सक्रिय सदस्य युगल राणा, राजेन्द्र राणा, रामलखन राणा, बीरेंद्र राणा, बालेश्वर राणा, केदार राणा, कैलाश राणा, किशोर राणा, बसंत राणा, श्रीकांत राणा, उमेश राणा, सुरेश राणा, सिकन्दर राणा, अवध राणा, चलितर राणा, बासुदेव राणा, मोहन राणा, शंकर राणा, केदार राणा, किशोर राणा, मुकेश राणा, हरेंद्र राणा, रामसेवक राणा, जागेश्वर राणा, बिनोद राणा, बच्चु राणा, सहित सैकड़ों राणा के लोग।

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद

अपेम लाइव
गिरिडीह / मुफस्सिल
प्रमोद कुमार गुप्ता



नेहरू युवा केन्द्र,गिरिडीह (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार) के तत्वाधान में समाज कल्याण समिति, बन्दरकुप्पी कोतवालडीह के द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल. कूद(2 एवं 3 जनवरी 2022) का उद्घाटन गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत पालमो पंचायत के मोहंडरा मैदान, बन्दरकुप्पी(पद्दुडीह) में किया गया।राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक प्रेमजीत सक्सेना ने बताया कि इस प्रतियो. गिता में फुटबॉल,बॉलीबॉल,कबड्डी,दौड़ (800 मी.एवं 200 मी.)का आयोजन किया जाना है।जिसमें नेहरू युवा केन्द्र,गिरिडीह से संबद्धता प्राप्त गिरिडीह प्रखंड के युवा मंडल भाग लेंगे।कल 3 जनवरी 2022 दिन सोमवार को फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री कामेश्वर पासवान जी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरिडीह प्रखंड प्रमुख श्री मति पूनम देवी,क्रीड़ा भारती के अमित स्वर्णकार,विनोबा भावे सिंडिकेट सदस्य रंजीत राय,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम पांडेय उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि नेहरू युवा केन्द्र,गिरिडीह सुदूर ग्रामीण इलाकों के युवाओं में नेतृत्व का विकास करने एवं खेलकूद में उनको आगे लाने का काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा की खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और अपने प्रखंड का नाम रौशन करें उन्होंने समाज कल्याण समिति बन्दरकुप्पी कोतवालडीह के द्वारा की जाने वाले सामाजिक कार्यो की मुक्त कंठ से प्रशंसा की कहा कि समाज कल्याण समिति, बन्दरकुप्पी कोतवालडीह लगातार अच्छा कार्य कर रही है इसी क्रम में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रखंड के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे लाने का प्रयास कर रही है।गिरिडीह प्रखंड प्रमुख श्री मति पूनम देवी ने युवतियों से खेलकूद के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान किया।मंच संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, गिरिडीह आकाश कुमार गुप्ता ने किया।अतिथियों के संबोधन के पश्चात राष्ट्रगान गाकर ततपश्चात फीता काटकर प्रतियोगिता का विधिवत शुरुआत किया गया।आज फुटब०ल का मैच खेला गया जिसमें गिरिडीह प्रखंड के मंगल हेम्ब्रम तथा पीरटांड़ प्रखंड के सुनील हेम्ब्रम ने रेफरी के रूप में अपनी सेवाएं दी।मौके पर पालमो पंचायत मुखिया प्रति. निधि जितेंद्र पांडेय,पंसस सुरेंद्र यादव,बारहमोरिया पंचायत के मुखिया मुन्नालाल साहू,समाज कल्याण समिति बन्दरकुप्पी कोतवालडीह के अध्यक्ष चेतलाल साहू,सचिव अजीत कुमार पांडेय,जगन्नाथ गोप,प्रभाकर पांडेय,दिलकेश्वर हांसदा,मनोज मुर्मू,प्रमोद गुप्ता सहित गिरिडीह प्रखंड के युवा मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित भारी मात्रा में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## झंडा मैदान में एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का बैठक सम्पन्न



अपेम न्यूज लाइव
बिरनी /गिरिडीह
सब्बा अहमद

गिरीडीह जिला झंडा मैदान में रविवार को एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा कि जिला कमेटी की बैठक किया गया। इस बैठक का अध्यक्षता जिला महासचिव सुखदेव हाजरा कर रहे थे। वही संचालन बिरनी प्रखंड के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने किया। बैठक में उपस्थित सहायक अध्यापकों ने नव वर्ष की शुभकामनाएं अर्पित करते हुए।सरकार ने जो 65000 पारा शिक्षकों का नाम सहायक अध्यापक के रूप में परिवर्तन किए जाने पर माननीय मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो साथ ही साथ गठबंधन सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक में जिला महासचिव सुखदेव हाजरा ने कहा कि 18वर्षो के एक लंबे संघर्ष त्याग के बुनियाद पर राज्य के 65000 पारा शिक्षकों के सुनहरे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हुए सहायक अध्यापक की उपाधि से सुभोभित करने का जो कदम सरकार ने उठायी,वह राज्य हित में एवं समाज हित के मील के पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बिहार म०डल से भी बेहतर नियमावली के निर्माण को भूमिका निभाकर शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। वही कहा कि 50ः एवम प्रशिक्षित का 40ः मानदेय के वृद्धि, सलाना 4ः वृद्धि आकलन के बाद 10ःकी वृद्धि अनुकम्पा नो. करी सहित अन्य कल्याणकारी मांग को अपने वायदे के अनुरूप लेंगे सौगत देने का काम किया है।इसके लिए गठबंधन सरकार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री, लोकप्रिय शिक्षा मंत्री एवम सदर विधायक सुदीप्त कुमार सोनू की दिल से आभार प्रकट करते हुए नव वर्ष की देर सारी शुभक. ामनाएं अर्पित किया गया। वही जिला के कोषाध्यक्ष बैजनाथ मंडल एवं मनोज शर्मा ने कहा कि सहायक अध्यापक का दर्जा मिलने पर वेतन प्राप्त कर संघर्ष जारी रहेगा और वेतनमान भी इसी सरकार से लेंगे इस पर माननीय मंत्री जी सकारात्मक भी दिखे है। वही 14 जनवरी 2022 की स्थापना दिवस के मौके पर सम्मना समारोह का आयोजन किया जाएगा एवं हमारा बहुप्रतीक्षित मांग वे. तनमान 2022 में ही लेने का संकल्प लिया गया वही उपस्थित रहे दीपक कुमार,नित्यानंद पांडेय,उमेश प्रशाद, राजेश मण्डल, मनोज सिन्ह , रिसाल यादव , प्रवीण कुमार , बासुदेव यादव , अरुण शर्मा , लालजीत यादव , बालेश्वर ठाकुर , जीतलाल यादव , कामेश्वर ठाकुर , दीपक विश्वकर्मा , जीतू राणा , रमेश बक्शी , राजकुमार जी, मनोज शर्मा राजेश जी बा. बूजान अंसारी सहित सैकड़ों सहायक अध्यापक उपस्थित रहे।

## नव वर्ष को लेकर ग्रामीणों में दिखा उत्साह



अपेम न्यूज लाइव :
बिरनी /गिरिडीह
मो सब्बा अहमद

नव वर्ष को लेकर गिरिडीह के बिरनी प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से स्वागत किया। इसको लेकर ग्रामीणों के युवा ने पिकनिक स्थल पर पिक. निक मनाया गया। बिरनी प्रखंड के चिरुडीह गांव में पहाडी है जो कि लोगो के लिए पर्यटक स्थल बन सकता है।जो अगर यहां के सरकार इस पर जोर दे तो गिरीडीज में एक नया पर्यटक स्थल बन सकता है। वही इस स्थल पर हर नव वर्ष में लोग पिकनिक बनाने आते हैं। वही तीनो पहाड़ी का लुफ्त उठाते हैं। जानकारी के मुताबिक बता दे कि तीनो पहाड़ी काफी ऊँचा है। जिसमें लोग आ के घूमते हैं। और मनोरंजन करते हैं। आये दिन यह एक पर्यटक स्थल बन सकता है। बलगो, पहरियाडीह, खेदवार, पूर्वी बलगो,नगड़ी आदि गांव के लोग आते हैं। वही उपस्थित रहे ग्रामीण युवा रियाज, हजरत, सकलेन, अशफाक,युवा पत्रकार सब्बा अहमद, नाजिर, अरबाज, फोटो एडिटर शाहबाज अन्सारी उर्फ रॉकी, युवा बल्लेबाज नोशाद अन्सारी आदि उपस्थित रहे।




आज का प्ंचाङ्ग----


आज का अंग्रेजी दिनांक :---06.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शके :---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ॠतु :---हेमन्त
माह :---मार्गशीर्ष
पक्ष :---शुक्ल पक्ष
तिथि :---द्वितीया तिथि 09:25 मिनट तक उपरांत तृतीया तिथि
दिन :---सोमवार
नक्षत्र :---मूल नक्षत्र दिन 08:27 मिनट तक उपरांत पू.षा. नक्षत्र
योग :---गण्ड
करण :---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:45
सूर्यास्त : संध्या 05:15
सूर्य :---वृश्चिक राशि में
चंद्रमा :---धनु राशि में
आज का राहूकाल प्रातः:---07:30 बजे से प्रातः ---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोट :---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खास :---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से सभी



संदीप शर्मा

मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660



सच का साथी
अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



# विलेजिफॉय स्पोर्ट्स एवं एथलेटीक्स एकेडमी भलुआ का उद्घाटन

**अपेम न्यूज लाइव**
**बिरनी /गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के जुठ्हाआम मोर के समीप दिन रविवार को विलेजिफॉय स्पोर्ट्स एवं एथेलेटिक्स एकेडमी भलुआ का उद्घाटन विलेजिफॉय के मालिक एवं मुख्य अतिथि अभय कुमार कुशवाहा ने फीता काटकर किया। इस मौके पर कुशवाहा जी ने कहा कि हमारे इस एकेडमी में क्रिकेट,फुटबॉल, बालीबॉल, बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स जैसे गेम का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन सारे गेमों का प्रशिक्षण देने के लिए कोलकत्ता, रांची, हजारीबाग और धनबाद के कोच आएंगे बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाडी को अंडर 14 , अंडर 16, अंडर 19 के ट्रायल में सीधे भेजा जाएगा ताकि खेल में उसका बेहतर प्रदर्शन के आधार पर इंडिया ए टीम में सलेक्शन हो सकें। उद्घाटन समारोह में उपस्थित गिरिडीह जिला से जिला लेवल से खेल चुके पूर्व क्रिकेटर अजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में गिरिडीह जिले में एक भी स्पोर्टस एकेडमी नही है इस एकेडमी के खुलने के बाद गिरिडीह जिले के सभी बच्चों को खेल में अपना कैरियर बनाने का सुनहरा मौका है उन्होंने अपने दोनों बच्चों का एडमिशन करवाया सीमा लक्ष्मण शाक्य नेशनल हाईस्कूल भलुआ के प्रधानाध्यापक श्री अक्षय कुमार शाक्य ने कहा कि सरकार के द्वारा सरकारी नौकरी में भी खेल के लिए आरक्षण है तथा हर विद्यालय में भी खेल शिक्षक चाहिए इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए इस इलाके में खेल एकेडमी खुलना बहुत ही खुशी की बात है श्री शाक्य ने सभी बच्चों से एकेडमी में एडमिशन करने का आग्रह किया। इस मौके पर विलेजिफॉय के मालिक अभय कुमार कुशवाहा एवं इंदु सिंह , अजय कुमार, हृदय मंडल , आदर्श कुशवाहा , मुकेश राणा, ज्ञानचंद पंडित , मिक्की एवं सीमा लक्ष्मण शाक्य नेशनल हाईस्कूल भलुआ के प्रधानाध्यापक अक्षय कुमार शाक्य एवं सैकेडों लोग उपस्थित थे।

# जीसस मिशनरी के द्वारा लंगातु गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल एवं चुडा गुड का वितरण किया गया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



जीसस मिशनरी सोसायटी कर्णपुरा के सचिव नकुल महतो के द्वारा लंगातु गांव देवी मंडप के प्रांगण में नव वर्ष के अवसर पर 50 जरूरतमंद गरीब लोगों के बीच कंबल एवं चूडा गुड का वितरण किया गया। मौके पर नकुल महतो ने कहा कि अपनी आमदनी का 50: राशि आम गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच आवश्यक सामग्री देकर करता हूं। गरीबों जरूरतमंद लोगों की सेवा से ही पुण्य प्राप्त होता है। वही समाजसेवी कृष्णा राम ने कहा कि हम सभी को आमदनी के कुछ राशि गरीबों और जरूरतमंद लोगों के बीच बांटना चाहिए इससे पुण्य प्राप्ति के अलावा आत्मा को भी संतुष्टि मिलती है। कंबल वितरण कार्यक्रम मौके पर मुख्य रूप से शंकर ओझा ,सुरेश राम ,कृष्णा राम, कृष्णा ओझा, राम कुमार मिश्रा, बुधन तुरी, पवन कुमार, राहुल कुमार, लोकेश कुमार, अशोक ओझा, बाजो राम, डोमन राम, कंचन मिश्रा राजेंद्र मिश्रा ,डोमन भुइयां,अनुज भुइयां,बैजनाथ राम, कृष्णा भुइयां ,विपिन भुइयां,विकास भुईयां,दीपक तुरी,बुधन तुरी,,सुरेश तुरी,मदन भुइयां, झुलुक भुईयां, सुदेश भुइयां, नितेश भुंइया, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।









डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर






## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नु केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी


## RAINBOW SCHOOL BARHI

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)



Classes From (Pre-Nursery to X[th] C.B.S.E. Pattern)



(Van Manotsav Celebration on 6[th] July)

Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum







इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

—— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से



## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो० – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :- 6200723851